भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY BANARAS HINDU UNIVERSITY
☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

दैनिक जागरण

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 11.12.2018

शिक्षाविदों की नेतृत्व क्षमता बढ़ाएगा बीएचयू आइआइटी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू अब शिक्षाविदों की नेतृत्व क्षमता को विकसित करेगा। इसके लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने आइआइटी, बीएचयू को 'शिक्षाविदों की नेतृत्व क्षमता का विकास' नामक कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के उच्च शिक्षाविदों में नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है, ताकि वे भारत में उच्चशिक्षा के उन्नयन, सम्मान, उपलब्धता और उसके गुणवत्ता के लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान दे सकें। यह आयोजन अगले साल 25 फरवरी से 15 मार्च तक होगा। इसके लिए यूएसए के पेन स्टेट विश्वविद्यालय से भी सहयोग लिया जाएगा। रजिस्ट्रार डा. एसपी माथुर के अनुसार सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के सभी विषयों से उच्च शिक्षा संकाय सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। इसके लिए उनको 14 दिसंबर तक आवेदन करना होगा।